इसमें कोई शक नहीं कि टैक्स में मिले राजस्व से सरकार लोक कल्याण, सार्वजनिक स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम करती है। हालांकि यह न्यायपूर्ण होना चाहिए क्योंकि भारतीय संविधान के तहत टैक्स वसूलने की यह शक्ति असीमित नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य से हो यही रहा है। पान मसाला व टोबैको इंडस्ट्री में प्रयुक्त होने वाली मशीनों की काल्पनिक क्षमता के आधार पर निर्माताओं से मनमाना सेस वसूला जा रहा है। यह सीधे-सीधे मध्यकालीन जजिया कर जैसा प्रतीत हो रहा है। बंद पड़ी मशीनों पर भी क्षमता के आधार पर हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस देने के लिए बाध्य करना प्राकृतिक न्याय के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है। संविधान का मौलिक दर्शन कहता है कि टैक्स का आधार वास्तविक आय या उत्पादन होना चाहिए, न कि केवल काल्पनिक या सैद्धांतिक अनुमान।

दरअसल, जब कोई निर्माता किसी कारणवश दो-तीन महीने तक अपनी पान मसाला की मशीनें नहीं चलाता और वे मशीनें संबंधित विभाग की

केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस एक्ट, 2025 और उससे जुड़े रूल्स, 2026 के तहत पान मसाला निर्माताओं पर यह विशेष सेस लागू किया गया है। इस कानून को लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी प्राथमिकताओं के लिए अतिरिक्त राजस्व एकत्र करना और इस क्षेत्र में होने वाली संभावित कर चोरी को रोकना बताया गया था।

ओर से डिजिटली सील रखी जाती हैं, ऐसी स्थिति में भी टैक्स से राहत नहीं मिलना किसी भी न्यायिक या तार्किक कसौटी पर खरा नहीं उतरता। यह तो वही हुआ कि खाया-पिया कुछ नहीं, ग्लास तोड़ा बारह आना। केवल मशीन परिसर में रखी है लेकिन चालू नहीं है, तो भी निर्माता को टैक्स राशि जमा करनी होगी। बाद में जब वह मशीन चालू करनी होती है तो उसे पुनः फीस भरनी आवश्यक है। उसके बाद ही अगले महीने जमा राशि क्रेडिट होगी। यह पूरी प्रक्रिया पान मसाला व टोबैको इंडस्ट्री के सामने एक ऐसी गंभीर आर्थिक चुनौती बनकर उभरी है जिससे निपट पाने में उद्योग खुद को लाचार महसूस कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस एक्ट, 2025 और उससे जुड़े रूल्स, 2026 के तहत पान मसाला निर्माताओं पर यह विशेष सेस लागू किया गया है। इस कानून को लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी प्राथमिकताओं के लिए अतिरिक्त राजस्व एकत्र करना और इस क्षेत्र में होने वाली संभावित कर चोरी को रोकना बताया गया था। हालांकि, इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जो नियम बनाए गए, वे बेहद कठोर और व्यावहारिक धरातल से कटे हुए क्षमता-आधारित मूल्यांकन पद्धति पर आधारित हैं। तथाकथित प्रशासनिक सुविधा के नाम पर बनाए गए इन नियमों के तहत यह मान लिया गया कि यदि किसी निर्माता के पास प्रति मिनट 500 पाउच पैक करने की क्षमता वाली कोई मशीन मौजूद है, तो वह मशीन साल के 365 दिन और 24 घंटे बिना किसी रुकावट के अपनी 100 प्रतिशत क्षमता पर चल रही है।

कर अधिकारियों ने निर्माताओं द्वारा किए गए वास्तविक उत्पादन, बाजार की मांग, या बिक्री के आंकड़ों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया और केवल विनिर्माण परिसर में रखी मशीनों की अनुमानित उत्पादन क्षमता के आधार पर ही सेस का निर्धारण करना शुरू कर दिया। इससे पान मसाला निर्माताओं, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी के विनिर्माताओं को अभूतपूर्व वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वास्तविक उत्पादन कम होने, बाजार में मंदी होने या परिचालन पूरी तरह ठप होने के बावजूद उन्हें मशीनों की अधिकतम क्षमता के हिसाब से ही करोड़ों रुपये के कर का भुगतान करने के लिए विवश किया जा रहा है। जाहिर है कि



जब वसूली जाने वाली टैक्स की राशि वास्तविक उत्पादन और राजस्व से कई गुना अधिक हो जाए, तो व्यवसाय चला पाना नामुमकिन हो जाता है। इस व्यवस्था के कारण कई छोटी और मध्यम विनिर्माण इकाइयां बंद होने और दिवालियापन की कगार पर पहुंच गईं हैं।

इस दमघोंटू व्यवस्था से कर्नाटक हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अगस्त महीने में पान मसाला निर्माताओं को राहत प्रदान करते हुए इस पर स्टे लगा दिया था लेकिन सरकार इस मामले को डबल बेंच के सामने ले गई। वहां अंतिम निर्णय होने तक स्टे हटा लिया गया। यानी एक बार फिर निर्माताओं को उसी मनमाने सेस की अंधेरी गुफा में धकेल दिया जहां से निकलने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। दरअसल, दमनकारी सेस व्यवस्था के खिलाफ धारीवाल इंडस्ट्रीज सहित देश भर के कई प्रमुख निर्माताओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इसे पूरी तरह असंवैधानिक करार देते हुए याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय दिया था। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने अपने विस्तृत फैसले में यह स्पष्ट कर दिया था कि वास्तविक विनिर्माण के स्थान पर केवल मशीनों की संभावित या सैद्धांतिक क्षमता को आधार बनाकर सेस तय करना पूरी तरह से मनमाना, अस्पष्ट और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 यानी समानता के अधिकार तथा अनुच्छेद 19(1)(जी) यानी व्यापार करने की स्वतंत्रता का प्रत्यक्ष और गंभीर उल्लंघन है। सिंगल बेंच ने अपने निर्णय में अत्यंत कड़े शब्दों में कहा था कि केवल कर संग्रह को आसान बनाने या प्रशासनिक सुविधा का हवाला देकर संवैधानिक समानता के अधिकार को कुचला नहीं जा सकता।

निर्माताओं ने अदालत के समक्ष बेहद तार्किक और व्यावहारिक तथ्य रखते हुए कहा था कि दुनिया का कोई भी कारखाना अपनी सैद्धांतिक अधिकतम क्षमता पर लगातार काम नहीं कर सकता। वास्तविक दुनिया में बिजली कटौती, मशीनों का नियमित रख-रखाव, यांत्रिक खराबी, कच्चे माल की कमी, त्योहारों और छुट्टियों के कारण श्रमिकों की अनुपस्थिति तथा बाजार की मांग में उतार-चढ़ाव जैसे अनेक कारक होते हैं, जिनकी वजह से मशीनों का परिचालन रुकता या धीमा पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह मान लेना कि मशीन लगातार 24 घंटे चल रही है, पूरी तरह से काल्पनिक और अन्यायपूर्ण है। इसके जवाब में केंद्र सरकार ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए दलील दी थी कि यह कोई सामान्य वस्तु एवं सेवा कर या जीएसटी नहीं है, बल्कि संसद द्वारा विशेष विधायी शक्तियों के तहत पारित किया गया एक विशिष्ट सेस है, जिसे लगाने का केंद्र के पास पूरा संवैधानिक अधिकार है। सरकार का मुख्य तर्क यह था कि पान मसाला और टोबैको उद्योग में अघोषित उत्पादन और नकद सौदों के माध्यम से बड़े पैमाने पर कर चोरी की संभावना बनी रहती है। इसलिए, इस क्षेत्र में होने वाली लीकेज को रोकने के लिए मशीन क्षमता आधारित टैक्स ही एकमात्र प्रभावी, व्यावहारिक और प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ साधन है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने सरकार के इस तर्क पर गंभीरता से विचार किया और माना कि यद्यपि संसद के पास देश के किसी भी क्षेत्र पर सेस या कर लगाने की पूरी विधायी शक्ति और अधिकार मौजूद है, किंतु जिस तरीके, प्रक्रिया और व्यवस्था के तहत इस सेस की गणना और वसूली की जा रही है, वह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 की कसौटी पर किसी भी सूरत में खरी नहीं उतरती। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 न केवल यह सुनिश्चित करता है कि समान परिस्थितियों वाले लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाए, बल्कि इसका एक अत्यंत महत्वपूर्ण और स्थापित आयाम यह भी है कि असमान परिस्थितियों में जीवन यापन या व्यापार करने वाले लोगों के साथ जबरन एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। अदालत ने पाया कि इस सेस ढांचे में सबसे बड़ी खामी यह है कि अलग-अलग उत्पादन क्षमता, तकनीक और गति वाली मशीनों को एक ही कर श्रेणी या स्लैब में ला खड़ा किया गया है। उदाहरण के लिए, 65 पाउच प्रति मिनट, 100 पाउच प्रति मिनट और 500 पाउच प्रति मिनट की गति से चलने वाली मशीनों को एक ही श्रेणी में वर्गीकृत कर उन पर समान दर से सेस लगा दिया गया। अदालत ने स्पष्ट किया कि एक अत्यंत छोटी क्षमता वाली इकाई और एक विशाल औद्योगिक इकाई को एक ही तराजू में तौलना सीधे तौर पर मनमाना और अनुचित है।

हाईकोर्ट ने सरकार के इस तर्क को खारिज कर दिया कि पान मसाला जैसे उद्योगों में वास्तविक उत्पादन का ट्रैक रखना और कर चोरी रोकना

अत्यधिक जटिल कार्य है, इसलिए मशीनों की क्षमता के आधार पर अनुमानित कर लगाना एक व्यावहारिक समाधान है। उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने कहा कि केवल इसलिए कि किसी व्यवस्था की निगरानी और सत्यापन करना प्रशासन के लिए कठिन या चुनौतीपूर्ण है। सरकार वास्तविक परिस्थितियों की अनदेखी कर अनुमान आधारित या मनमानी कर व्यवस्था लागू नहीं कर सकती। प्रशासनिक सुविधा कभी भी संवैधानिक समता की कीमत पर हासिल नहीं की जा सकती। यदि कर अधिकारियों के पास निरीक्षण या ट्रैकिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है तो इसकी सजा करदाताओं को बिना किसी वास्तविक उत्पादन के अनुचित कर का भुगतान करके नहीं दी जा सकती।

उल्लेखनीय है कि नियमों के तहत यह प्रावधान है कि निर्माता केवल तभी सेस से छूट या एबेटमेंट के हकदार होंगे जब उनकी मशीनें लगातार कम से कम 15 दिनों तक पूरी तरह से बंद रहें। उच्च न्यायालय ने इस 15 दिन की शटडाउन शर्त को अत्यधिक कठोर, अव्यावहारिक और मनमाना पाया। इसके पीछे पहला कारण यह है कि किसी भी निर्माण इकाई में मशीनें तकनीकी खराबी, बिजली कटौती, कच्चे माल की अनुपलब्धता, लेबर स्ट्राइक या अचानक मांग में गिरावट के कारण 2 दिन, 5 दिन या 10 दिन के लिए बंद हो सकती हैं। दूसरा कारण असंगत वित्तीय बोझ है। यदि कोई इकाई 12 दिनों तक बंद रहती है, तो 15 दिन की सीमा पूरी न होने के कारण उसे पूरे महीने का क्षमता-आधारित सेस चुकाना पड़ता है। भले ही उस दौरान शून्य या नगण्य उत्पादन हुआ हो।

यह कहना गलत नहीं होगा कि कर कानूनों का मुख्य उद्देश्य न्यायसंगत राजस्व संग्रह होना चाहिए, न कि व्यापार को नष्ट करना। प्रशासनिक सुविधा कभी भी नागरिकों और व्यवसायियों के मौलिक अधिकारों का हनन करने का बहाना नहीं बन सकती। प्राकृतिक न्याय का प्राथमिक नियम यह मांग करता है कि व्यक्ति या संस्था पर कर का दायित्व केवल उसी सीमा तक होना चाहिए जिस सीमा तक उसने वास्तविक आर्थिक गतिविधि की है या राजस्व उत्पन्न किया है। जब मशीन बंद है, डिजिटली सील है और उत्पादन शून्य है, तब भी टैक्स देने की बाध्यता कानून के बुनियादी सिद्धांतों का मजाक उड़ाने जैसा है। सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ जब मामला डिवीजन बेंच के समक्ष गया तो केंद्र सरकार की ओर से यह दलील दी गई कि पूरे देश में यह सेस समान रूप से लागू किया जा रहा है लेकिन हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इस पर स्टे लगा रखा है, इसलिए फाइनल फैसला आने तक देश भर में राजस्व और प्रशासनिक एकरूपता बनाए रखने के लिए इस अंतरिम रोक को हटा दिया जाय। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने केंद्र की दलीलों को कंसीडर करते हुए 17 सितंबर को स्टे हटा दिया। डबल बेंच के इस निर्णय से निर्माताओं पर एक बार फिर अनिश्चितता का संकट मंडराने लगा। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को है। संभवतः उस दिन यह स्पष्ट हो जाएगा कि मशीन आधारित यह विवादित टैक्स यूं ही जारी रहेगा या हमेशा के लिए इतिहास बन जाएगा। फिलहाल, पूरी इंडस्ट्री की निगाहें 17 नवंबर को होने वाली हियरिंग पर टिकी हुई हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट की डबल बेंच के सामने अब यह सवाल प्रमुखता से रहेगा कि क्या किसी उद्योग को केवल कर चोरी की आशंका के नाम पर इस तरह के असंवैधानिक और अव्यावहारिक नियमों के अधीन रखा जा सकता है।

उद्योग को उम्मीद है कि डबल बेंच न केवल सिंगल बेंच के ऐतिहासिक फैसले की भावना को बरकरार रखेगी, बल्कि देश के कर कानून में यह भी सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में क्षमता-आधारित काल्पनिक कराधान के बजाय केवल वास्तविक उत्पादन पर ही टैक्स की वसूली की जाए। यदि यह मनमाना सेस खत्म होता है, तो यह न केवल पान मसाला निर्माताओं के लिए एक बड़ी राहत होगी बल्कि यह भारतीय संविधान के तहत व्यापार की स्वतंत्रता और निष्पक्ष कराधान के सिद्धांत की एक बहुत बड़ी जीत साबित होगी। जब तक डबल बेंच का अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक उद्योग के सामने यह यक्ष प्रश्न बना रहेगा कि भारत में कराधान की नीति प्राकृतिक न्याय और तर्कसंगतता के रास्ते पर आगे बढ़ेगी या प्रशासनिक सख्ती के नाम पर उद्योगपतियों को अनिश्चितता के भंवर में धकेलती रहेगी।



Happy Diwali !

MAY YOUR LIFE BE AS BRIGHT,
PURE AND PROSPEROUS AS THIS FESTIVAL

SINCE FROM 1995

MAGCARB
No.1 QUALITY

BY OSIAN GROUP OF COMPANIES

GMP, Kosher, Halal, FSSAI, ISO 22000 : 2018 & ISO 9001 : 2015 Certified Quality with Certificate of analysis & our guarantee

IDENTIFY OUR ORIGINAL MATERIAL BY

- **Hologram of AMS** • **Printed AMS Liner**
- **Colour Code of Tag with Date** • **AMS Printed Bag**

NOTE: You can Also send MAGCARB Sample for Testing Purpose at Our Office Address



100% PURE & SAFE

No.1 Lightness | No.1 Fineness | No.1 Whiteness | No.1 Purity | No.1 Brightness

AMS® Fine Chemicals

REGISTERED OFF. :
204, 2nd Floor, Shree Vallabh complex, Attabhai Road, Bhavnagar-364 001, Gujarat, India

CORPORATE OFF. :
301, 3rd Floor, Shanti Square, Near Himalaya Mall, Bhavnagar-364 002, Gujarat, India
Mobile: 98985 45418

FACTORY ADD :
Survey NO.439, Nr. AMS Weigh Bridge, Village. Avaniya, Ta. Ghogha, Dist. Bhavnagar, State Gujarat

amsfine@gmail.com ; export@osianmcpl.com • www.amsfine.com • www.osianmcpl.com

For business inquiries, suggestions & complaints contact, **9825207140; 8320984088; 9265721819**

AMS ALWAYS AIMS FOR BEST QUALITY



KTC
Wishing you and your family a very
Happy Diwali
KTC PREMIUM RANGE FLAVOURED PAN CHATNI
KTC REAL SIR FLAVOURED STRAWBERRY PAN CHATNI
KTC रियल सर
KTC REAL SIR FLAVOURED MANGO PAN CHATNI
KTC REAL SANDAL SANDAL FLAVOURED PAN CHATNI
KTC REAL Bahaar FLAVOURED PAN CHATNI
KTC Royal Saffron KESAR FLAVOURED PAN CHATNI
KTC Royal Lotus LOTUS FLAVOURED PAN CHATNI
KTC REAL SIR FLAVOURED BLACKCURRANT PAN CHATNI
KTC Krishna FLAVOURED PAN CHATNI
KTC Krishna FLAVOURED PAN CHATNI
KTC PRODUCTS LLP
CONSUMER CARE: 0120-4496753

KTC

₹10/-
ONLY

HERITAGE®

PREMIUM HANDCRAFTED MOUTH FRESHENERS



DRY DATES BLEND

NO TOBACCO / NO SUPARI / NO NICOTINE

TRADITION YOU CAN TASTE, LUXURY YOU CAN FEEL.

+91 9871456798

Net Wt. 5g



RAMASHANKAR LAKSHMINARAYAN & BROS.


Email: rslnmails@gmail.com

Customer Care No. +91 7080501672

Happy Diwali

INDIA'S LEADING

PACKAGING MACHINE MANUFACTURERS



Horizontal Type Rotary Machine



Servo Base Auger Filler (Powder/Free Flow Item)



Multihead Weigher Collar Type Pouch Packing Machine



MIXER
(Powder/Gnanuels /Pan Masala)

PACKONIX ENGINEERING

B-3, SITE-5, UDYOG KUNJ, PANKI, KANPUR,
Email: packonixengineering@gmail.com I Web: www.packonix.com

Trade Enquiry: 9839031003



Jai Mata Di

ASHA PERFUMERS

Happy Diwali



Manoj Kumar Dixit
(Founder)



Milan Dixit

Manufacture of

Indian Attars & Essential Oils





Mobile: 9936373737 • 9415146952-53

Ashok Nagar, Kannauj-209725 (UP) | E-mail: ashaperfumers474@gmail.com

शुभ दीपावली





Chewing of Pan Masala is Injurious to Health. Not For Minors. No Tobacco No Nicotine.

Changsu Explores Bio-Based Films for Pan Masala Packaging

With India's pan masala packaging requirements drawing attention amid discussions around FSSAI regulations, manufacturers are exploring materials and technologies that could address evolving industry needs. Among the companies looking at this opportunity is Xiamen Changsu Industrial Co., Ltd., a Chinese manufacturer of high-performance functional films and sustainable packaging materials.

A member company of Sinolong New Materials, Changsu Industrial specialises in the research and development of high-performance films and intelligent manufacturing. Its portfolio includes new energy films, bio-based compostable films and functional films, serving industries ranging from biomedicine and food to new energy and daily chemicals. The company is also a global leader in BOPA film production and sales and has achieved large-scale production of new bio-based biodegradable films in China.

Against this backdrop, Changsu is exploring potential applications for its bio-based film technology in India's pan masala sector. Its proposed solution uses PLA (polylactic acid), a material derived from bio-based feedstock, for flexible packaging applications. The company is interested in working with Indian manufacturers to evaluate the material's suitability for sachet packaging and their specific production requirements.

PLA-Based Films for Sachet Applications

Changsu's proposed packaging material is intended for flexible sachet applications, including pan masala, gutka, zarda and mouth fresheners. According to the company, it can be used in small retail formats, including ₹1, ₹2 and ₹5 packs.

The material is based on PLA and may incorporate coatings or lamination to meet the functional requirements of the finished packaging. Changsu describes its approach as bio-based and biodegradable plastic technology rather than a completely paper-based or plastic-free solution. The company places particular emphasis on compostability, considering the characteristics and disposal habits associated with small sachets.

The development of alternative packaging materials involves balancing environmental considerations with the requirements of product protection, manufacturing and distribution. Changsu is exploring this balance through its film technology, with application-specific evaluation helping determine the material's suitability for different products and operating conditions.

Compatibility with Existing Packing Machinery

For manufacturers considering alternative packaging materials, compatibility with existing production infrastructure is an important factor. Changes to machinery can increase investment requirements and complicate the introduction of a new material.

Changsu states that its proposed film is compatible with existing vertical form-fill-seal (VFFS) and horizontal form-fill-seal (HFFS) machines used in the pan masala industry. According to the company, machinery modifications are not required, and the material can be used on high-speed packing lines.

The company also reports that the packaging can withstand rough transportation and storage. Its puncture resistance depends on the coatings incorporated into the final structure, while the material supports printing for branding and statutory warnings.

These characteristics are relevant to manufacturers seeking to evaluate alternative materials within established production systems. Trial runs can help assess the material's performance on individual packing lines and identify any application-specific adjustments that may be required.

Product Compatibility and Storage

Packaging for pan masala and related products must meet requirements associated with product formulation, storage environment and distribution. Changsu reports having conducted compatibility testing for pan masala, gutka, zarda and mouth fresheners.

According to the company, the material is compatible with tobacco, lime, catechu and flavouring compounds.

Changsu also reports heat resistance above 85°C and indicates that the packaging can support a shelf life of at least one year under Indian climatic conditions.

The company has further reported data relating to high-temperature summer conditions and high-humidity regions. These factors are relevant when evaluating packaging for the diverse climatic conditions encountered across the Indian market.

For manufacturers, the suitability of the material will depend on their individual products and operating requirements. Changsu is interested in working with industry participants to explore these applications through technical discussions and trials.

Regulatory Considerations and Quality Assurance

The applicability of FSSAI packaging regulations is an important consideration as manufacturers assess alternative materials for the Indian market. Changsu is exploring the potential of its bio-based film technology in this context and is looking to engage with manufacturers to understand their requirements.

The company states that its packaging has food-grade certification and that compliance with tobacco-packaging norms is confirmed. It also reports that migration testing is available through SGS and that relevant compliance certificates can be provided. The applicability of the material under the relevant FSSAI requirements would need to be established for the intended use.

Samples, Trials and Customisation

Beyond its film technology, Changsu offers practical support for manufacturers interested in evaluating the material. The company is accepting sample requests without a fixed minimum order quantity and offers trial runs, research and development support, and customisation.

These arrangements provide manufacturers with an opportunity to assess the material under their own production conditions and explore structures suited to their packaging requirements. Discussions can cover aspects such as sealing characteristics, print quality, puncture resistance and other application-specific considerations.

Changsu has expressed particular interest in technological cooperation with Indian pan masala manufacturers. The company also states that large-scale supply in India is possible, providing scope for discussions ranging from initial material evaluation to potential commercial applications.

It has indicated a potential adoption timeline of one to six months. The actual pace of implementation will depend on technical evaluation, regulatory requirements and the needs of individual manufacturers.

Exploring Opportunities in India

With its experience in high-performance film manufacturing and its work on bio-based biodegradable materials, Changsu Industrial is exploring opportunities to extend its technology to the Indian pan masala sector.

Its proposed PLA-based film offers a potential option for sachet packaging, supported by sample availability, trial runs and technical customisation. For Indian manufacturers, engagement with Changsu could provide an opportunity to evaluate the material and explore its suitability for their production processes.

As the industry considers its packaging requirements in the context of FSSAI regulations, the evaluation of alternative materials will depend on how effectively they address practical manufacturing needs alongside environmental considerations. Changsu's interest in technological collaboration provides an opportunity to explore these applications with Indian manufacturers and assess the role its bio-based film technology could play in the market.



पान मसाला पैकेजिंग के लिए Bio-Based Films की संभावनाएं तलाश रही है चेंगसु

भारत में पान मसाला पैकेजिंग से जुड़ी आवश्यकताओं और FSSAI regulations पर चर्चा के बीच, निर्माता ऐसी सामग्रियों और तकनीकों की तलाश कर रहे हैं, जो उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें। इस क्षेत्र में संभावनाएं तलाशने वाली कंपनियों में क्षीयमें चेंगसु इन्डस्ट्रीअल को, एलटिडी. भी शामिल है, जो हाई-परफॉर्मेंस फंक्शनल फिल्मों और सस्टेनेबल पैकेजिंग सामग्री की चीनी निर्माता कंपनी है।

Sinolong New Materials की सदस्य कंपनी चेंगसु इन्डस्ट्रीअल, हाई-परफॉर्मेंस फिल्मों के अनुसंधान एवं विकास (R&D) और इंटेलिजेंट मैन्युफैक्चरिंग में विशेषज्ञता रखती है। इसके पोर्टफोलियो में न्यू एनर्जी फिल्म, बायो-बेस्ड कम्पोस्टेबल फिल्म और फंक्शनल फिल्म शामिल हैं। इनका इस्तेमाल बायोमेडिसिन, खाद्य पदार्थों, न्यू एनर्जी और डेली केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में होता है। कंपनी BOPA फिल्म के उत्पादन और बिक्री में भी वैश्विक स्तर पर अग्रणी है और चीन में नई बायो-बेस्ड बायोडिग्रेडेबल फिल्मों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने वाली कंपनियों में शामिल है।

इसी संदर्भ में चेंगसु भारतीय पान मसाला क्षेत्र में अपनी बायो-बेस्ड फिल्म तकनीक के संभावित इस्तेमाल की संभावनाएं तलाश रही है। इसका प्रस्तावित समाधान PLA (पॉलीलैक्टिक एसिड) पर आधारित है, जो बायो-बेस्ड फीडस्टॉक से प्राप्त सामग्री है और फ्लेक्सिबल पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। कंपनी भारतीय निर्माताओं के साथ काम करके सैशे पैकेजिंग में इस सामग्री की उपयोगिता और उनकी उत्पादन संबंधी जरूरतों के अनुरूप इसकी उपयुक्तता का मूल्यांकन करना चाहती है।

सैशे पैकेजिंग के लिए PLA आधारित फिल्म

चेंगसु की प्रस्तावित पैकेजिंग सामग्री का उद्देश्य पान मसाला, गुटखा, ज़र्दा और माउथ फ्रेशनर सहित विभिन्न उत्पादों की फ्लेक्सिबल सैशे पैकेजिंग में इस्तेमाल होना है। कंपनी के अनुसार, इसका इस्तेमाल ₹1, ₹2 और ₹5 जैसे छोटे रिटेल पैक में भी किया जा सकता है।

यह सामग्री PLA पर आधारित है और तैयार पैकेजिंग की कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसमें कोटिंग या लैमिनेशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। चेंगसु अपनी तकनीक को बायो-बेस्ड और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक तकनीक के रूप में पेश करती है, न कि पूरी तरह कागज़ आधारित या प्लास्टिक-मुक्त पैकेजिंग समाधान के रूप में। कंपनी छोटे सैशे की विशेषताओं और उनके निपटान से जुड़ी आदतों को ध्यान में रखते हुए कम्पोस्टेबिलिटी पर विशेष ज़ोर देती है।

वैकल्पिक पैकेजिंग सामग्री के विकास में पर्यावरण संबंधी पहलुओं और उत्पाद की सुरक्षा, मैन्युफैक्चरिंग तथा वितरण की ज़रूरतों के बीच संतुलन बनाना ज़रूरी है। चेंगसु अपनी फिल्म तकनीक के माध्यम से इस संतुलन को हासिल करने की संभावनाएं तलाश रही है। अलग-अलग उत्पादों और परिचालन परिस्थितियों के लिए सामग्री की उपयुक्तता तय करने में एप्लीकेशन-विशिष्ट मूल्यांकन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

मौजूदा पैकिंग मशीनों के साथ अनुकूलता

वैकल्पिक पैकेजिंग सामग्री अपनाने पर विचार करने वाले निर्माताओं के लिए मौजूदा उत्पादन ढांचे के साथ उसकी अनुकूलता एक महत्वपूर्ण पहलू है। मशीनरी में बदलाव करने से निवेश की ज़रूरत बढ़ सकती है और नई सामग्री को अपनाने की प्रक्रिया जटिल हो सकती है।

चेंगसु का कहना है कि इसकी प्रस्तावित फिल्म पान मसाला उद्योग में इस्तेमाल होने वाली मौजूदा वर्टिकल फॉर्म-फिल-सील (VFFS) और हॉरिजॉन्टल फॉर्म-फिल-सील (HFFS) मशीनों के साथ अनुकूल है। कंपनी के अनुसार, मशीनरी में बदलाव की ज़रूरत नहीं होगी और इस सामग्री का इस्तेमाल हाई-स्पीड पैकिंग लाइनों पर भी किया जा सकता है। कंपनी का यह भी कहना है कि पैकेजिंग परिवहन और भंडारण के दौरान होने वाली सामान्य कठिनाइयों को सहन कर सकती है। इसकी पंक्चर रेजिस्टेंस अंतिम स्ट्रक्चर में इस्तेमाल होने वाली कोटिंग पर निर्भर करती है, जबकि यह सामग्री ब्रांडिंग और वैधानिक चेतावनियों की प्रिंटिंग को सपोर्ट करती है।

ये विशेषताएं उन निर्माताओं के लिए उपयोगी हो सकती हैं, जो अपने मौजूदा उत्पादन सिस्टम में वैकल्पिक सामग्रियों का मूल्यांकन करना चाहते हैं। ट्रायल रन से अलग-अलग पैकिंग लाइनों पर सामग्री के प्रदर्शन की जांच करने और जरूरत के अनुसार बदलावों की पहचान करने में मदद मिल सकती है।

उत्पाद अनुकूलता और भंडारण

पान मसाला और इससे जुड़े उत्पादों की पैकेजिंग को उत्पाद के फॉर्मूलेशन, भंडारण के वातावरण और वितरण से जुड़ी ज़रूरतों को पूरा करना होता है। चेंगसु के अनुसार, उसने पान मसाला, गुटखा, ज़र्दा और माउथ फ्रेशनर के लिए अनुकूलता परीक्षण किया है।


कंपनी का कहना है कि यह सामग्री तंबाकू, चूना, कत्था और फ्लेवरिंग कंपाउंड के साथ अनुकूल है। चेंगसु ने 85°C से अधिक तापमान सहने की क्षमता का भी उल्लेख किया है और बताया है कि भारतीय जलवायु परिस्थितियों में यह पैकेजिंग कम से कम एक वर्ष की शेल्फ लाइफ को





CHANGSU

Exploring BOPLA and Innovative Biodegradable Films for Packaging



Xiamen Changsu Industrial Co., Ltd

www.changsufilm.com

Email: marketing@chang-su.com.cn

No. 268 Wengjiao Road, Xinyang Street, Haicang District, Xiamen, 361026

सपोर्ट कर सकती है। कंपनी ने गर्मियों में अधिक तापमान और अधिक आर्द्रता वाले क्षेत्रों से संबंधित डेटा उपलब्ध होने की भी जानकारी दी है। भारतीय बाज़ार में अलग-अलग जलवायु परिस्थितियों के लिए पैकेजिंग का मूल्यांकन करते समय ये पहलू महत्वपूर्ण हैं।

निर्माताओं के लिए सामग्री की उपयुक्तता उनके उत्पादों और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं पर निर्भर करेगी। चेंगसु तकनीकी चर्चाओं और परीक्षणों के माध्यम से उद्योग के भागीदारों के साथ इन अनुप्रयोगों की संभावनाएं तलाशने में रुचि रखती है।

नियामकीय आवश्यकताएं और गुणवत्ता आश्वासन

भारतीय बाज़ार के लिए वैकल्पिक सामग्रियों का मूल्यांकन करते समय FSSAI पैकेजिंग नियमों की प्रयोज्यता एक महत्वपूर्ण पहलू है। चेंगसु अपनी बायो-बेस्ड फिल्म तकनीक की संभावनाएं तलाश रही है और भारतीय निर्माताओं के साथ मिलकर उनकी आवश्यकताओं को समझना चाहती है। कंपनी का कहना है कि इसकी पैकेजिंग के पास फूड-ग्रेड प्रमाणन है और यह तंबाकू पैकेजिंग से संबंधित मानकों का पालन करती है। कंपनी यह भी बताती है कि SGS के माध्यम से माइग्रेशन टेस्टिंग उपलब्ध है और संबंधित अनुपालन प्रमाणपत्र दिए जा सकते हैं। हालांकि, प्रस्तावित इस्तेमाल के लिए सामग्री पर लागू FSSAI आवश्यकताओं की पुष्टि करना ज़रूरी होगा।

सैंपल, ट्रायल और कस्टमाइजेशन

अपनी फिल्म तकनीक के अलावा, चेंगसु उन निर्माताओं को व्यावहारिक सहायता भी देती है, जो इस सामग्री का मूल्यांकन करना चाहते हैं। कंपनी फिलहाल बिना किसी निर्धारित न्यूनतम ऑर्डर मात्रा (MOQ) के सैंपल अनुरोध स्वीकार कर रही है। इसके अलावा, यह ट्रायल रन, अनुसंधान एवं विकास संबंधी सहायता और कस्टमाइजेशन की सुविधा भी देती है।

इन सुविधाओं से निर्माताओं को अपनी उत्पादन परिस्थितियों में सामग्री का मूल्यांकन करने और अपनी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुसार उपयुक्त स्ट्रक्चर तलाशने का अवसर मिलता है। इन चर्चाओं में सीलिंग की विशेषताओं, प्रिंट क्वालिटी, पंक्चर रेजिस्टेंस और अन्य एप्लीकेशन-विशिष्ट ज़रूरतों जैसे पहलुओं को शामिल किया जा सकता है।

चेंगसु ने भारतीय पान मसाला निर्माताओं के साथ तकनीकी सहयोग में विशेष रुचि दिखाई है। कंपनी का यह भी कहना है कि भारत में बड़े पैमाने पर आपूर्ति संभव है। इससे शुरुआती सामग्री मूल्यांकन से लेकर संभावित व्यावसायिक अनुप्रयोगों तक विभिन्न स्तरों पर सहयोग की संभावनाएं बनती हैं। कंपनी ने एक से छह महीने में संभावित रूप से इसे अपनाने की समय-सीमा का उल्लेख किया है। हालांकि, इसे लागू करने की वास्तविक गति तकनीकी मूल्यांकन, नियामकीय आवश्यकताओं और अलग-अलग निर्माताओं की ज़रूरतों पर निर्भर करेगी।

भारतीय बाज़ार में संभावनाओं की तलाश

हाई-परफॉर्मेंस फिल्म निर्माण में अपने अनुभव और बायो-बेस्ड बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों पर चल रहे काम के साथ चेंगसु इन्डस्ट्रीअल भारतीय पान मसाला क्षेत्र में अपनी तकनीक के इस्तेमाल की संभावनाएं तलाश रही है।

इसकी प्रस्तावित PLA आधारित फिल्म सैशे पैकेजिंग के लिए एक संभावित विकल्प प्रस्तुत करती है। कंपनी इसके साथ सैंपल, ट्रायल रन और तकनीकी कस्टमाइजेशन की सुविधा भी देती है। भारतीय निर्माताओं के लिए चेंगसु के साथ जुड़ना सामग्री का मूल्यांकन करने और अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं में इसकी उपयुक्तता तलाशने का अवसर हो सकता है।

FSSAI नियमों के संदर्भ में उद्योग अपनी पैकेजिंग आवश्यकताओं पर विचार कर रहा है। ऐसे में वैकल्पिक सामग्रियों का विकास और मूल्यांकन इस बात पर निर्भर करेगा कि वे पर्यावरण संबंधी पहलुओं के साथ मैन्युफैक्चरिंग की व्यावहारिक ज़रूरतों को कितनी अच्छी तरह पूरा करती हैं। चेंगसु की तकनीकी सहयोग में रुचि भारतीय निर्माताओं के साथ मिलकर इन संभावनाओं का मूल्यांकन करने और बाजार के लिए पैकेजिंग समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।



SNKR
SINCE 1947

एक mitthu से मन नहीं भरता



IMAGE USED HERE IS ONLY FOR REPRESENTATION PURPOSE ONLY.



SATYA NARAIN KESHO RAM PRIVATE LIMITED

+91 7704034567 | +91 73091 99669

मिट्ठू रेंज – पान मजा, ठंडा पान, माउथ फ्रेशनर, मीठी मस्ती व मीठी सुपारी ₹1 और ₹5 में उपलब्ध है।

GAGAN
PAN MASALA

गगन में मगन



CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH

NO TOBACCO | NO NICOTINE

PRAGATI AROMA

OIL DISTILLERS PVT. LTD.



DISTILLERS & EXPORTERS OF

- Agmark
- Sandal Wood Oil & other Natural Essential Oils

Manufactures of:

Indian Attars &
Distillers of Sandal Wood Oil
& All Kinds of
Essential Oils Etc

FACTORY ADDRESS:
Deedar Ganj, Chhipatti, Kannauj-209725
Ph.: (off.) 234114 (Fact) 234614 Fax: 2346417 Cable: 'RUH KHUS', & 'PRAGATI' KANNAUJ

OFFICE ADDRESS:
Unit No 1, Enterprise Center, Western Express Highway, Vile Parle East, Mumbai, Maharashtra 400099

HAPPY DIWALI

HINA PERFUMERS

All Kinds of Indian Attars & Natural Essential Oils

INDIAN ATTAR

Ruh Kewra
Ruh Gulab
Ruh Motia
Ruh Khas
Shamama
Sandal
Kesar
Musk
Hina

EXPORT QUALITY



OUR FAMOUS COMPOUNDS

Khaini
Tobacco
Pan Masala
Sweet Supari
Confectionery
Mouth Freshner



Alok Kumar
(M) 8057629000



Anil Kumar
(M) 8057639000



Shashwat Keerti
(M) 8171049223

OTHER COMPOUNDS:

COSMETIC | **AGARBATTI** | **DETERGENT**

B - 38 / 39, BUTLER PLAZA, CIVIL LINES, BAREILLY (U.P.)
(OFFICE) 0581-2559988, Email: hinaperfumers@rediffmail.com

pan plus

Natural & Fresh









स्वाद जो रहे याद

Trade Enquiry: 9839101210

Mfd.by : ASHOK FOODS AND PAN PRODUCTS PVT. LTD., Kanpur

pan_plus_

.Pan Plus Product Contains an Admixture of . Sucralose (INS 955) & Sodium Saccharin (INS 954) .
CHEWING OF SUPARI IN INJURIOUS TO HEALTH. NOT FOR MINORS .NON CALORIC SWEETNERS

www.panplus.co.in

PT. CHANDRABALI & SONS
Serving You Since 1911

More Than 100 Years of Excellence

PT. CHANDRABALI & SONS

A House Built On Quality and Trust

Happy Diwali



Late Pt. Virendra Kumar Dixit

Manufacturer of Indian Attars and Essential Oils



Ram Dixit



Hina Building, Ashok Nagar, Kannauj-209725, UP; Ph.: 05694-234157, 294257, 235257

Mobile: 9838338339, 9415146955 (Ram Dixit) • 9918101601; (Vaibhav Dixit)

Email: ptchandrabali@gmail.com

Happy Diwali

No. JAGAT

ROYAL FRAGRANT FLAVOUR



SUGANDHI SNUFF KING (P) LTD. DELHI

E-mail: enquiry@jagatzarda.com; vicky@jagatzarda.com | www.jagatzarda.com

FOR TRADE ENQUIRY: +91-11-30822211

STATUTORY WARNING : CHEWING OF PAN MASALA MAY BE INJURIOUS TO HEALTH. NOT FOR SALE TO MINORS



रोशनी के साथ बाजार में उम्मीदों और कारोबार की चमक

त्योहारों का मौसम भारतीय बाजार के लिए सिर्फ खरीदारी का अवसर नहीं, बल्कि कारोबार, ब्रांडिंग, उपभोक्ता मांग और नए व्यापारिक अवसरों का सबसे महत्वपूर्ण दौर भी है। दीपावली आते ही घरों से लेकर बाजारों तक रोशनी बढ़ती है और उसके साथ कारोबार की रफ्तार भी तेज हो जाती है।

दीपावली भारत के उन त्योहारों में शामिल है, जिसका प्रभाव केवल धार्मिक और सामाजिक जीवन तक सीमित नहीं रहता। यह त्योहार भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार की गतिविधियों को भी नई गति देता है। घरों की सफाई और सजावट से लेकर नए कपड़ों, मिठाइयों, उपहारों, इलेक्ट्रॉनिक्स, FMCG उत्पादों, सुगंधित उत्पादों और घरेलू उपयोग की वस्तुओं तक दीपावली का बाजार अनेक उत्पाद श्रेणियों के लिए बिक्री का महत्वपूर्ण अवसर लेकर आता है।

त्योहार की तैयारियां शुरू होते ही बाजार का माहौल बदलने लगता है। दुकानों की सजावट, नए उत्पादों की रेंज, आकर्षक पैकेजिंग, ऑफर, गिफ्ट पैक और ब्रांड प्रमोशन ग्राहकों का ध्यान आकर्षित करने लगते हैं। रिटेलर अतिरिक्त स्टॉक की तैयारी करते हैं, वितरक अपने नेटवर्क को सक्रिय करते हैं और कंपनियां त्योहार की मांग को ध्यान में रखते हुए अपनी मार्केटिंग रणनीति को तेज कर देती हैं।

यही कारण है कि दीपावली को भारतीय व्यापार जगत में केवल एक त्योहार के रूप में नहीं, बल्कि खपत, कारोबार और उपभोक्ता जुड़ाव के बड़े सीजन के रूप में देखा जाता है।



रोशनी के साथ शुरू होती है खरीदारी की नई लहर

दीपावली से कई सप्ताह पहले ही बाजार में खरीदारी का माहौल बनने लगता है। उपभोक्ता अपने घरों की सजावट से लेकर व्यक्तिगत उपयोग और उपहार देने तक की खरीदारी की योजना बनाते हैं। पारंपरिक बाजारों के साथ-साथ आधुनिक रिटेल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी इस मांग को पूरा करने के लिए विशेष तैयारी करते हैं।

त्योहारों के दौरान उपभोक्ता की खरीदारी की प्राथमिकताएं भी बदलती दिखाई देती हैं। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ ऐसे उत्पादों की मांग बढ़ती है जिन्हें



त्योहार, पूजा, मेहमानों के स्वागत या उपहार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। मिठाइयों और नमकीन से लेकर ड्राई फ्रूट्स, कॉस्मेटिक्स, होम डेकोर, परफ्यूम, फ्रेगरेंस प्रोडक्ट्स, अगरबत्ती और धूप जैसे उत्पादों तक, दीपावली का सीजन अनेक श्रेणियों के लिए अतिरिक्त बिक्री का अवसर पैदा करता है।

FMCG बाजार के लिए महत्वपूर्ण सीजन

दीपावली का सीधा प्रभाव FMCG बाजार पर भी दिखाई देता है। त्योहार के दौरान घरों में मेहमानों का आना-जाना बढ़ता है और पारंपरिक रूप से मिठाई, नमकीन, पेय पदार्थ और अन्य उपभोग की वस्तुओं की खरीदारी बढ़ती है। कंपनियां इस अवसर को ध्यान में रखते हुए छोटे और बड़े पैक, कॉम्बो पैक, गिफ्ट पैक तथा विशेष पैकेजिंग के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंच बनाने की कोशिश करती हैं।

आज उपभोक्ता केवल उत्पाद नहीं देखता, बल्कि पैकेजिंग, ब्रांड इमेज, उपयोगिता, कीमत और गिफ्टिंग वैल्यू को भी महत्व देता है। इसलिए दीपावली के दौरान पैकेजिंग और प्रेजेंटेशन ब्रांड की बिक्री रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।



सुगंध और अगरबत्ती बाजार में त्योहार की खास भूमिका

दीपावली और सुगंध का संबंध भारतीय परंपरा से बहुत गहरा है। पूजा-पाठ, घर की सजावट और सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए अगरबत्ती, धूप, धूपबत्ती और अन्य सुगंधित उत्पादों का इस्तेमाल लंबे समय से होता रहा है। त्योहारों के दौरान इन उत्पादों की मांग केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं रहती। पूजा स्थलों, कार्यालयों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी सुगंधित उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ता है।

इस बाजार में भी उपभोक्ता की पसंद लगातार बदल रही है। पारंपरिक सुगंधों के साथ प्रीमियम फ्रेगरेंस, आकर्षक पैकेजिंग, नए फॉर्मेट और गिफ्ट पैक जैसी श्रेणियां बाजार में अपनी जगह बना रही हैं।

ब्रांडों के लिए यह अवसर केवल बिक्री बढ़ाने का नहीं, बल्कि उपभोक्ता के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाने का भी है। दीपावली जैसे अवसर पर सुगंध से जुड़ा उत्पाद केवल एक वस्तु नहीं रहता, बल्कि पूजा, परंपरा और उत्सव का हिस्सा बन जाता है।

गिफ्टिंग ने बदला बाजार का स्वरूप

दीपावली के बाजार में गिफ्टिंग की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। परिवार और रिश्तेदारों के बीच उपहार देने की परंपरा के साथ-साथ कॉरपोरेट और बिजनेस गिफ्टिंग भी त्योहार के कारोबार का बड़ा हिस्सा बन चुकी है।

कंपनियां अपने कर्मचारियों, वितरकों, डीलरों, रिटेलरों और कारोबारी सहयोगियों को उपहार देकर संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करती हैं। इसी वजह से दीपावली के दौरान गिफ्ट पैक और प्रीमियम पैकेजिंग की मांग बढ़ती है। आज गिफ्ट का चुनाव केवल कीमत के आधार पर नहीं होता। उपयोगिता, पैकेजिंग, ब्रांड की पहचान और प्रस्तुति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि अनेक कंपनियां दीपावली के लिए विशेष पैक और सीमित अवधि के गिफ्ट कॉम्बिनेशन तैयार करती हैं।

रिटेलर के लिए दीपावली मौका भी और चुनौती भी

दीपावली सीजन रिटेल कारोबारियों के लिए बिक्री बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर होता है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी आती हैं। सबसे बड़ी चुनौती होती है सही समय पर सही मात्रा में स्टॉक उपलब्ध कराना।



अधिक स्टॉक रखने पर पूंजी फंसने का जोखिम रहता है और कम स्टॉक होने पर मांग के समय बिक्री का अवसर हाथ से निकल सकता है। इसलिए त्योहार से पहले डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर के बीच बेहतर समन्वय महत्वपूर्ण हो जाता है। रिटेल काउंटर की विजिबिलिटी भी इस सीजन में खास महत्व रखती है। आकर्षक डिस्प्ले, सही प्रोडक्ट प्लेसमेंट और स्पष्ट ऑफर ग्राहकों का ध्यान खींचने में मदद करते हैं। यहीं पर ब्रांड और रिटेलर के बीच संबंध की वास्तविक परीक्षा होती है। जिस ब्रांड की सप्लाई, मार्जिन, प्रमोशन और बाजार में उपलब्धता बेहतर रहती है, उसके लिए त्योहार का सीजन अधिक प्रभावी बिक्री अवसर बन सकता है।

ब्रांडिंग का सबसे बड़ा अवसर

दीपावली सिर्फ बिक्री का नहीं, ब्रांडिंग का भी अवसर है। त्योहार के दौरान उपभोक्ता विज्ञापनों, सोशल मीडिया कंटेंट, ऑफर्स और ब्रांड कैंपेन के प्रति अधिक सक्रिय रहते हैं।

ब्रांड इस अवसर पर पारंपरिक विज्ञापन के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया पर त्योहार आधारित क्रिएटिव, वीडियो, ऑफर और ब्रांड स्टोरी उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने का माध्यम बनते हैं। हालांकि आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में केवल विज्ञापन पर्याप्त नहीं है। उपभोक्ता के सामने हजारों विकल्प हैं। ऐसे में ब्रांड को अपनी अलग पहचान बनाने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता, पैकेजिंग, कीमत, उपलब्धता और उपभोक्ता अनुभव सभी पहलुओं पर ध्यान देना पड़ता है।

छोटे शहर और कस्बे भी बन रहे हैं बड़े बाजार

दीपावली के बाजार की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी चमक केवल महानगरों तक सीमित नहीं है। छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण बाजारों में भी त्योहारों के दौरान खरीदारी की गतिविधियां तेज होती हैं।

स्थानीय रिटेलर और डिस्ट्रीब्यूटर इन बाजारों की जरूरत और उपभोक्ता व्यवहार को अच्छी तरह समझते हैं। यहां कीमत, पैक साइज और उपलब्धता का महत्व कई बार अलग तरीके से सामने आता है।

इसलिए राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ क्षेत्रीय ब्रांडों के लिए भी दीपावली महत्वपूर्ण अवसर है। स्थानीय बाजारों में मजबूत वितरण नेटवर्क रखने वाली कंपनियां त्योहार के सीजन में अपनी पहुंच को और मजबूत कर सकती हैं।

परंपरा और आधुनिक बाजार का संगम

दीपावली की सबसे खूबसूरत विशेषता यही है कि इसमें परंपरा और आधुनिकता साथ-साथ चलती हैं। एक तरफ मिट्टी के दीये, पूजा, रंगोली और पारंपरिक मिठाइयां हैं, तो दूसरी तरफ आधुनिक सजावट, डिजिटल गिफ्टिंग, ऑनलाइन खरीदारी और नए जमाने की पैकेजिंग भी है।

बाजार ने इस बदलाव को तेजी से अपनाया है। आज पारंपरिक उत्पाद भी नए डिजाइन, नए पैक और आधुनिक ब्रांडिंग के साथ उपभोक्ता तक पहुंच रहे हैं। यह बदलाव कंपनियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है परंपरा को समझते हुए आधुनिक उपभोक्ता की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करना ही भविष्य के बाजार की दिशा है।

शुभ दीपावली

प्रकाश का यह पर्व आपके व्यवसाय में नई संभावनाएं, आपके बाजार में नई गति और आपके जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आए। आपको और आपके परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।



जिम्मेदार दीपावली की ओर बढ़ता बाजार

त्योहारों के साथ पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो रहा है। उपभोक्ताओं के एक वर्ग में पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग, कम अपशिष्ट और जिम्मेदार उत्पादों के प्रति रुचि बढ़ी है।

ब्रांडों के लिए यह केवल सामाजिक जिम्मेदारी का विषय नहीं, बल्कि बाजार की बदलती अपेक्षाओं को समझने का अवसर भी है। टिकाऊ पैकेजिंग, उपयोगी गिफ्टिंग और कम अपशिष्ट वाले विकल्प भविष्य में त्योहारों के बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।

दीपावली का संदेश सिर्फ रोशनी नहीं, नई शुरुआत

दीपावली अंततः उम्मीद और नई शुरुआत का पर्व है। व्यापार की दुनिया में भी हर नया त्योहार केवल बिक्री का आंकड़ा नहीं होता। यह नए ग्राहक बनाने, पुराने संबंध मजबूत करने, नए बाजार तलाशने और अगले कारोबारी वर्ष के लिए नई रणनीति तैयार करने का अवसर होता है।

निर्माता के लिए यह उत्पादन और ब्रांड विस्तार का समय है। वितरक के लिए नेटवर्क मजबूत करने का अवसर है। रिटेलर के लिए ग्राहक संबंध बढ़ाने का मौका है और उपभोक्ता के लिए अपनी जरूरतों और खुशियों को साझा करने का अवसर। यही दीपावली की वास्तविक ताकत है यह घरों को रोशन करने के साथ-साथ बाजार में भी नई ऊर्जा पैदा करती है।

इस दीपावली जब बाजार रोशनी से जगमगाए, दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे और हर तरफ उत्सव का माहौल हो, तो इसके पीछे केवल खरीदारी नहीं बल्कि लाखों छोटे-बड़े कारोबारियों, निर्माताओं, वितरकों, रिटेलरों और कर्मचारियों की मेहनत भी दिखाई देनी चाहिए।

दीपावली का दीप केवल घर में न जले यह व्यापार में विश्वास, रिश्तों में मिठास, बाजार में नई ऊर्जा और भविष्य के लिए नई उम्मीद का प्रकाश भी बने।

HAPPY
Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS



दहाड़

पीली पत्ती

ऐसी दहाड़,
जो बन जाए
पहचान...!

FOR BUSINESS & DISTRIBUTION
CALL +91 8796608860
E-MAIL : info@gtccorp.in

वृंदावन में 'हमारे राम' का भव्य मंचन

स्व. सुरेश चंद्र अग्रवाल की 75वीं जन्म जयंती पर भावुक हुई संध्या











आशुतोष राणा के सशक्त अभिनय ने जीता दिल, बायोपिक में जीवंत हुईं संस्थापक की स्मृतियां

मथुरा-वृंदावन, 20 अक्टूबर। वृंदावन के स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम, गीता शोध संस्थान में स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल की 75वीं जन्म जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध नाट्य प्रस्तुति 'हमारे राम' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में श्रद्धा, संस्कृति और पारिवारिक भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी अग्रवाल, पुत्र श्री सुनील कुमार अग्रवाल, पौत्र श्री लव कुमार बंसल तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उनके जीवन पर आधारित लगभग 15 मिनट की बायोपिक प्रदर्शित की गई, जिसमें उनके संघर्ष, परिश्रम, पारिवारिक संस्कारों और सफलता की यात्रा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। बायोपिक ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

इसके पश्चात फेलिसिटी थिएटर की बहुचर्चित प्रस्तुति 'हमारे राम' का मंचन हुआ। प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा ने रावण के प्रभावशाली किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं राहुल आर. भूचर ने भगवान श्रीराम की भूमिका में मर्यादा, त्याग और करुणा को जीवंत किया। तरुण खन्ना सहित अन्य कलाकारों के अभिनय, भव्य मंच सज्जा, संगीत और प्रकाश व्यवस्था ने प्रस्तुति को यादगार बना दिया।

